# HAMIRPUR POLICE

## :: शक्ति मार्च::

आज दिनाँक 19/10/2020 को पुलिस लाइन हमीरपुर में जनपद की समस्त एंटी रोमियो टीम के महिला पुलिस कर्मचारियों को महिला के प्रति संवेदनशीलता बरतने व महिला अपराधों की रोकथाम के सम्बंध ब्रीफ किया गया एवं नोडल अधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन (IAS) एवं जिलाधिकारी हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के नेतृत्व में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए "मिशन शक्ति" के तहत हमीरपुर कस्बे में "शक्ति मार्च" किया गया।









# HAMIRPUR POLICE

## महिला हेल्पडेस्क

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद हमीरपुर के समस्त थानों में महिला हेल्पडेस्क शुरुआत की गई एवं थाने पर आने वाली महिला पीड़ितों की समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुना गया व उनका निस्तारण करवाया गया।



# HAMIRPUR POLICE

## :: मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन कर छात्राओं को जागरूक किया गया::

आज दिनांक 19/10/2020 को "मिशन शक्ति अभियान" के अंतर्गत तैयार की गई कार्य योजना के अनुरूप थाना ललपुरा क्षेत्र अंतर्गत कृषक भारतीय इंटर कॉलेज एवं थाना बिवार क्षेत्र अंतर्गत प्राइमरी विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में छात्राओं से उनकी सुरक्षा के संबंध में वार्ता की गई व छात्राओं को कानूनी प्रावधानों एवं उ0प्र0पु0 की विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर डायल 112, वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नं 181, के बारे में बताया गया व महिला सशक्तिकरण,महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित अन्य प्रावधानों के बारे में बताकर जागरूक किया गया साथ ही उच्चाधिकारियों को मोबाइल नंबर से अवगत कराया गया और कहा गया आप कभी भी हमसे बेहिचक संपर्क कर सकते हैं आपकी पहचान को भी सार्वजनिक नही किया जाएगा।















# HAMIRPUR POLICE

## ::एंटीरोमियों चेकिंग एवं "मिशन शक्ति" जागरूकता अभियान::

आज दिनांक 19/10/2020 को जनपद हमीरपुर के समस्त थानों की एंटीरोमियों टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बस अड्डा/सार्वजनिक स्थानों/धार्मिक स्थलों/प्रमुख चौराहों के आस-पास में एंटीरोमियों चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान बिना वजह घूमने वाले लड़कों/शोहदों की चेकिंग की गयी साथ ही एंटीरोमियो टीमों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाँव/कस्बे एवं सार्वजनिक स्थानों में महिलाओं/छात्राओं से उनकी सुरक्षा के सम्बंध वार्ता की गई व मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित एप्लिकेशन/112 नंबर/वूमेन पावर हेल्प लाइन 1090 यूपी कॉप/पुलिस सोशल मीडिया के बारे में बताकर जागरूक किया गया।











